भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 6307
गुरुवार, 2 अप्रैल, 2026/12 चैत्र, 1948 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

कर्नाटक में ग्रीनफील्ड विमानपत्तन का विकास

6307. श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागिः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भूमि अधिग्रहण, अवसंरचना विकास और लंबित पर्यावरणीय स्वीकृति के ब्यौरे सहित कर्नाटक के विजयपुरा में ग्रीनफील्ड विमानपत्तन परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) निर्माण कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति होने के बावजूद विमानपत्तन के प्रचालन में विलंब के क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने इस परियोजना की कोई समीक्षा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) वाणिज्यिक उड़ानें शुरू करने की संभावित समय-सीमा सहित परियोजना को पूरा करने और प्रचालन में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (घ): भारत सरकार (जीओआई) ने विजयपुरा में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के विकास के लिए कर्नाटक राज्य सरकार (जीओके) को 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया है। ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा (जीएफए) नीति, 2008 के अनुसार, ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा परियोजनाओं के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी परियोजना प्रस्तावक की होती है। हवाईअड्डा परियोजनाओं को पूर्ण करने की समय-सीमा भूमि अधिग्रहण, आर एंड आर, वित्तीय समापन, पर्यावरणीय मंजूरियों सहित अनिवार्य मंजूरियों को प्राप्त करना आदि जैसे अनेक कारकों पर निर्भर करती है।

विजयपुरा हवाईअड्डे पर विकास कार्य पूर्ण हो चुके हैं। तथापि, उल्लंघन श्रेणी के तहत इस परियोजना को पर्यावरणीय मंजूरी (ईसी) प्रदान करने का मामला भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है।

नागर विमानन मंत्रालय विजयपुरा हवाईअड्डा परियोजना सहित हवाईअड्डा परियोजनाओं को समय पर पूर्ण करने के लिए हितधारकों के साथ समय-समय पर समीक्षा करता है।

*****